बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

पत्रांक :– ....

प्रेषक,

कुमार रवि,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

मुख्य अभियंता, गुणवत्ता अनुश्रवण,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

पटना, दिनांकः–

विषयः– **भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के स्थल निरीक्षण एवं गुणवत्ता जांच के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभाग द्वारा बड़ी संख्या में योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। इसमें पंचायत सरकार भवन से लेकर बड़ी–बड़ी योजनाएं शामिल हैं। वर्तमान में भवन निर्माण विभाग से अपेक्षाएं भी अत्यधिक हैं। ऐसे में योजनाओं के निर्माण की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्माण कार्य की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आपके अधीन 03 निदेशक, गुणवत्ता अनुश्रवण कार्यरत हैं एवं 10 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है, परन्तु इनके द्वारा स्थल भ्रमण कर योजनाओं के गुणवत्ता का जांच नहीं किया जा रहा है। यह अत्यंत ही गंभीर विषय है। सतत् अनुश्रवण के बिना योजनाओं के निर्माण की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करना संभव नहीं है।

अतः अनुरोध है कि अद्योहस्ताक्षरी से विमर्श कर सभी निदेशक तथा उड़नदस्ता दल का भ्रमण कार्यक्रम तयं कर योजनाओं के निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करने की कृपा की जाय। यह भी अनुरोध है कि सभी निदेशक एवं उड़नदस्ता दल को निदेशित किया जाय कि जांच के उपरांत 24 घंटे के भीतर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

ह0/–

(कुमार रवि)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांकः–......2560(भ)...... **पटना, दिनांकः–**......16/3/26......

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख/सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता एवं सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/3/26

सरकार के सचिव।